JEEViKA
Rural Development Department, Government of Bihar
Bihar Rural Livelihoods Promotion Society
State Rural Livelihoods Mission, Bihar
बिहार सरकार
Vidyut Bhawan - II, Bailey Road, Patna- 800 021; Ph.:+91-612-250 4980; Fax:+91-612-250 4960, Website:www.brlps.in

प्रेषक,

बालामुरुगन डी.
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषय: दैनिक रूप से नीरा परियोजना अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के अनुश्रवण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में सूचित करना है कि नीरा परियोजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के अनुश्रवण हेतु जीविका द्वारा वेब पोर्टल तैयार किया गया है जिसमे सभी प्रखंड दैनिक रूप से नीरा संग्रह एवं विक्रय का प्रतिवेदन प्रविष्ट करते हैं।

जिला स्तर से दैनिक रूप से अनुश्रवण हेतु वेब पोर्टल पर प्रतिवेदन देखने हेतु निम्नलिखित चरणों का उपयोग करें:

1. नीचे दिए गए लिंक को गूगल क्रोम / माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउजर पर डेस्कटॉप / पीसी पर कॉपी और पेस्ट करें।

   http://52.172.141.50/neeraappln/rptdistrictoutcomes.aspx

2. लिंक आपको समेकित जिलेवार दैनिक संग्रह एवं विक्रय रिपोर्ट के पृष्ठ पर ले जाएगा।
3. उस जिले के नाम पर क्लिक करें जिसका आप प्रखंड वार संग्रह एवं बिक्री रिपोर्ट देखना चाहते हैं। क्लिक करने के बाद आपको प्रखंडवार रिपोर्ट दिखाई देगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर पर नीरा गतिविधि का दैनिक अनुश्रवण करें।

विश्वासभाजन

(बालामुरुगन डी.)